यूएई हुआ यूपी के एमएसएमई उत्पादों का मुरीद

आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दी जानकारी, 250 करोड़ रुपये के मिले ऑर्डर

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के उत्पादों का यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) मुरीद हो गया है। ये कहना है आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल का। उन्होंने बताया कि इन उत्पादों के लिए 250 करोड़ रुपये से ज्यादा के ऑर्डर के प्रस्ताव मिले हैं।

आईआईए के राज्य मुख्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय महासचिव आलोक अग्रवाल के साथ नीरज सिंघल ने बताया कि यूएई में 40 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गया था। वहां 250 करोड़ के ऑर्डर के प्रस्ताव मिले हैं। इस संबंध में अफ्रीकी व यूरोपीय देशों से द्विपक्षीय समझौतों को लेकर लगातार बैठकें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई इकाइयों से प्रदेश सरकार कुल खरीद में 25 फीसदी हमसे ले तो बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को आठ रुपये यूनिट में बिजली दी जा रही है, लेकिन सौर प्लांट लगाने वाले उद्यमियों से सिर्फ 3.25 रुपये यूनिट में बिजली खरीदी जा रही है। यही वजह है कि उद्यमियों की रुचि कम हो रही है।



आईआईए के सदस्यों को शपथ दिलाते एमएसएमई मंत्री राकेश सचान। -संवाद

180 नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

आईआईए का वर्ष 2024-25 का नया सत्र एक जुलाई से शुरू हो गया। इस अवसर पर आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल सहित यूपी, उत्तराखंड एवं दिल्ली से 180 नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि उद्यमियों का शोषण रोकना सरकार की प्राथमिकता है।सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने में बैंक से लोन में आ रही दिक्कतों को सरल करने पर काम कर रही है।

आईआईए के मुख्य लक्ष्य

- गतिविधियों एवं चैप्टर का कम से कम 11 राज्यों में विस्तार किया जाएगा।
- सदस्यता को भी कम से कम 20 हजार तक बढ़ाया जाएगा
- दिसंबर-जनवरी में एमएसएमई प्रदर्शनी का आयोजन दिल्ली या एनसीआर में।
- एमएसएमई के उत्पादों के निर्यात के लिए एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन सेंटर को मजबूत बनाया जाएगा।
- बीस राज्य स्तरीय एमएसएमई संगठनों के साथ मिलकर A-20 फोरम बनाएंगे।